


एक नजर

## 1008 किमी की मध्य प्रदेश की प्रथम सबसे बड़ी कावड़ प्रयागराज से धारेश्वर पहुंची,



**धार।** बोलबम के जयकारों से 18 जुलाई से 28 जुलाई सोमवार को धार पहुंची। 1008 किमी की अखंड कावड़ संस्था *महाप्रयाग* के नेतृत्व में निकाली गई जिसमें मुख रूप रोहित पटेल देदला, सौरभ त्रिपाठी सहित 18 कांवड़िए प्रतिदिन 1008 किमी के रास्ते को पार कर अखंड कावड़ लेकर धार नगर पहुंचे । इस मौके पर पूर्व युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष देवेंद्र रावल के नेतृत्व में स्थानीय घोड़ा चौपाटी पर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके भाजपा के वरिष्ठ नेता ज्ञानेंद्र त्रिपाठी, डॉ शरद विजयवर्गीय,पुर्व नगर अध्यक्ष अनिल जैन बाबा, मंडल अध्यक्ष जयराज देवड़ा, जनभागीदारी अध्यक्ष दीपक बिड़कर, शिव पटेल, मनीष प्रधान, पूर्व मंडल अध्यक्ष विपिन राठौड़, राजेश डाबी, पुरुषोत्तम चौहान, हुकुम लश्करी, अंकित वर्मा , रवि देवासकर, कुंदन भुरिया, सुरेश प्रजापत, रॉकी आहूजा, गोल्डी चौहान, रतन भाभर, सन्नी प्रजापत, मनोज प्रजापत, गिरीश सोलंकी, विजय बारिया, नमन रावल, जितेंद्र पंडिया, चेतन पंडाग्रे, भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रिमझिम सावन के बीच शिवालय में भोलेनाथ का अभिषेक किया चढ़ाया जल



**गंधवानी.** रिमझिम सावन की बारिश के बीच गंधवानी नगर समेत आस पास के शिवालयों में भक्तों के द्वारा भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया गया वहीं श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ को जल भी चढ़ाया यहां के सार्वजनिक श्री जबरेश्वर महादेव मंदिर पर श्रावण माह के तीसरे सोमवार को सुबह से भक्तगण पहुंचे थे जिन्होंने बाबा का अभिषेक किया साथ ही यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ पर जल भी चढ़ाया श्रवण माह के तीसरे सोमवार को बड़ी संख्या में लोग यहां पर पूजा अर्चना के लिए पहुंचे साथ ही शिव भक्त मंडल के सदस्यों द्वारा भगवान भोलेनाथ की प्रतिमा को अभिषेक के बाद जल से स्नान कराया और भक्तों ने भगवान का आकर्षक श्रंगार किया नगर के सभी शिवालय में सुबह से भक्तों के दूसरे सोमवार को दर्शन के लिए पहुंची।

## आओ सहेजें धरा अभियान के तहत अग्रवाल समाज ने किया पौधारोपण





**धार ।** भू माई वेल्फेयर फाउण्डेशन द्वारा विगत 7 वर्षों से चलाये जा रहे %आओ सहेजें धरा% अभियान के अंतर्गत धार की धरा को हरा- धार धार धार भरा किये जाने हेतु निरंतर प्रयास किया जा रहा है। संस्था के सदस्यों द्वारा नियमित वृक्षारोपण के साथ ही वर्षभर उन वृक्षों की देख-भाल एवं आम जनता को प्रकृति के प्रति जागरूक किये जाने हेतु निरंतर प्रयास किया जा रहा है। झ इसी क्रम मे हरियाली तीज के उपलक्ष्य पर दिनांक 27.07.2025 को अग्रवाल समाज द्वारा भू माई वेल्फेयर फाउण्डेशन के साथ मिलकर डी0आर0पी0 लाईन धार मे विभिन्न प्रजातियों के 100 से अधिक पौधों का रोपण किया गया, साथ ही अग्रवाल समाजजनों द्वारा फाउंडेशन को 11000/- (ग्यारह हजार) रुपये की सहयोग राशि सहर्ष भेंट की गई। इस अवसर पर अग्रवाल समाज महिला मंडल सहित समाज के गणमान्य सदस्य और पदाधिकारी एवं ष्ठत्रक्र के जवान तथा फाउंडेशन के सदस्य उपस्थित रहे। भू माई फाउंडेशन द्वारा अन्य समाजजनों व आम नागरीको से उक्त अभियान मे जुडकर अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर सहेजने का अनुरोध किया गया।

## रॉन्ग साइड से आई कार ने ली युवक की जान

**इंदौर.** सिमरोल थाना क्षेत्र के चोरल इलाके में रविवार को रॉन्ग साइड से आई तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की जान चली गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया. हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया.

मृतक की पहचान 20 वर्षीय हुकुम पिता दिनेश निवासी ग्राम खातेगांव, जिला देवास के रूप में हुई है, जो इंदौर में रहकर नौकरी करता था.





# झमाझम बारिश के बीच निकली शिव सावन कावड़ यात्रा

## कोटेश्वर से बडकेश्वर तक जगह-जगह हुआ यात्रा का भव्य स्वागत

**कुक्षी।** क्षेत्र में सुख-शांति की कामना लेकर श्रावण मास में समग्र हिन्दू समाज के आह्वान पर प्रतिवर्ष आयोजित शिव सावन काव? यात्रा आज सोमवार को झामझम बारिश के बीच नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई ब?केश्वर के लिए रवाना हुई. पूर्व विधायक मुकामसिंह किरा? के नेतृत्व आयोजित काव? यात्रा का शुभारम्भ तीर्थ स्थल कोटेश्वर से माँ नर्मदा के पूजन अर्चना के साथ हुआ.यहां से नर्मदा जल लेकर काव? यात्रियों का जत्था हरहर महादेव का घोष लगाते हुए निकले जिनका जगह जगह सामाजिक संगठनों नें जल पान, ?लाहरी खिच?ी के साथ आत्मीय स्वागत किया ।इस धार्मिक यात्रा में ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालु पूरे उत्साह और भक्ति-भाव के साथ शामिल हुए.यात्रा के शुभारंभ अवसर पर भाजपा नेत्री रंजना बघेल, प्रदेश भाजपा मंत्री जयदीप पटेल,जिला भाजपा अध्यक्ष चंचल पाटीदार,नगर मंडल अध्यक्ष युवराज सेप्टा आदि नगर के गणमान्य जन शामिल हुए.कावड़ यात्रा में ब?ी संख्या में ढोल-नगाड़ों की थाप और बोल बम के गगन भेदी नारों के साथ ब?ी संख्या में भगवा वस्त्र धारण किये ग्रामीण जन शामिल थे. काव?ियों की जयकारों से नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया।

## मां नर्मदा के जल से किया श्री रामेश्वरम महादेव का जलाभिषेक

बाकानेर-श्रावण माह मे प्रति वर्ष की तरह इस बार भी चेतना कॉलोनी स्थित श्री रामेश्वरम महादेव मंदिर से भव्य कावड़ यात्रा निकाली गई बड़ा बड़दा नर्मदा तट से मां नर्मदा की पूजा अर्चना कर नर्मदा का जल लेकर श्री रामेश्वरम महादेव का जलाभिषेक किया 10 किलोमीटर इस यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष एवं छोटे बच्चे उत्साह के साथ शामिल हुए हर हर महादेव बोल बम एवं धार्मिक भजनों पर नृत्य किए गए चेतना कॉलोनी महिला मंडल द्वारा ड्रेस कोड में साड़ी पहनी गई रामेश्वर मंदिर पहुंचने पर सैकड़ो की संख्या में उपस्थित कावड़ यात्रियों ने श्री रामेश्वरम मंदिर में श्री महादेव का जलाभिषेक किया आरती पूजन के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।



## सामाजिक समरसता के साथ धर्म जागरण में सहभागी बनें मातृशक्ति : अनिल जैन



धार के मातृशक्ति संगठन का हुआ विस्तार, नागदा में कार्यकारिणी गठित

**धार।** हमारे धार्मिक ग्रंथों में नारी को शक्ति स्वरूपा देवी के रूप में माना गया है। जब-जब ऐसी परिस्थितियां निर्मित हुई है कि अधर्म का प्रसार ब?ा है तब तब धर्म की स्थापना के लिए मातृशक्तियों ने अपनी भूमिका निभाई है। वर्तमान में समाज में मातृशक्तियों की भूमिका चूल्हे-चौके साथ समाज में भी महत्वपूण हो गई है। परिवार को संस्कार रोपण करने के साथ अब सामाजिक भूमिका निभाने का समय है। इसके लिए संगठित होकर मातृशक्तियों को धर्म स्थापना, धार्मिक विचारों का प्रचार-प्रसार करने के साथ स्वयं को आत्मनिर्भर बनाकर समाज में बराबरी के साथ योगदान देकर आगे ब?ना है। इसमें महिलाएं भूमिका भी निभा रही है। कुछ इसी तरह के उद्देश्यों के साथ मातृशक्ति संगठन की स्थापना की गई है। यह बात मातृशक्ति संगठन धार के संयोजक अनिल जैन बाबा ने रविवार को नागदा में कही। श्री जैन ने कहा कि हमें जातिगत भेदभाव को मिटाना है। सामाजिक समरसता के साथ धर्म जागरण के कार्य में हम सनातन भाव के साथ काम करें, यह मुख्य उद्देश्य है। इसके अतिरिक्त मातृशक्तियां आत्मनिर्भर बनें, इसके लिए भी संगठन धार में काम कर रहा है। आने वाले समय में अलग-अलग क्षेत्रों में भी इसको लेकर काम का विस्तार किया जाएगा। इस दौरान मातृशक्ति संगठन की अध्यक्ष पप्पी मकवाना भी मौजूद थी।

### नागदा में संगठन कार्यकारिणी गठित

मातृशक्ति संगठन ने अल्प समय में धार में महिलाओं को धर्म एवं कार्य से जो?कर एक मजबूत संगठन ख?ा किया है। धार्मिक आयोजनों के साथ संगठन पर्यावरण एवं आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम जैसी गतिविधियां भी संचालित करता है। बदनावर विधानसभा के नागदा की अनाज मंडी में आहूत बैठक में धार जिलाध्यक्ष एवं संयोजक श्री जैन की मौजूदगी में नागदा की कार्यकारिणी गठित की गई। जिसमें अध्यक्ष रूक्माबाई जोशी, उपाध्यक्ष कैटरीना जोशी, सचिव मोना भाटी, सहसचिव भूरी बाई एवं गीता बाई को बनाया गया है। इस दौरान सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का श्री जैन व श्रीमती मकवाना ने स्वागत किया।

## राजा राम रामेश्वर निकले आज अपनी प्रजा का हाल जानने

**सरदारपुर .**दसाई मे श्रावण माह का तीसरे सोमवार को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्मरणीय यादें छोड़ गया ।नगर में निकले भगवान राम रामेश्वर के आकर्षक डोले ने भक्तों को खूब झूमया प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्रावण माह के तीसरे सोमवार को नगर अतिप्राचीन रामरामेश्वर मन्दिर से रामरामेश्वर वृक्षारोपण समिति के तत्वावधान मे भगवान भोले का विशाल डोला नगर भ्रमण के लिये निकला। अलसुबह से ही मन्दिर मे भगवान राम रामेश्वर का मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक किया गया उसके बाद डीजे के साथ भजन-कीर्तन के साथ धार्मिक कार्यक्रमो का सिलसिला प्रारम्भ हो गया था। सुबह भगवान भोले का महाभिषेक गजेंद्र पौराणिक के द्वारा किया गया। अभिषेक के बाद भगवान का आकर्षक श्रंगार किया गया जिसे देख कर भक्तों को महांकाल की याद ताजा हो गई। इसके बाद भोलेनाथ सुंदर सजी पालकी मे नगर भ्रमण के लिये निकले। जैसे ही मन्दिर परिसर से डोला निकला वैसे ही चारो ओर धार्मिक माहौल बन गया

साथ ही भोले के भक्तजन नृत्य करते चल रहे थे।

डोले मे भुतो की बारात , भोले पार्वती व कालिका माता अदि का नृत्य भी आकर्षण का केंद्र रहे , ।

, इस अवसर पर मंदिर परिसर एवं रास्ते भर जगह-जगह सजावट की गई। मन्दिर परिसर से ही भगवान भोलेनाथ का पूजन हर वर्ग के लोगो ने रास्तेभर पूजन किया साथ ही सभी मंचों के द्वारा भगवान भोलेनाथ का पूजन किया गया साथ ही प्रसादी के रूप में ,केले, खिचड़ी बाटी गई जगह जगह पर कई समिति द्वारा मंच लगाकर स्वागत किया । शाम को डोला मंदिर परिसर मैं पहुंचा जिसके बाद महाआरती की गई आरती के बाद प्रसादी का वितरण किया गया

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अमझेरा थाना प्रभारी राजू मकवाना दसाई पुलिस चौकी प्रभारी जगदीश निनामा पुलिस बल के साथ मौजूद थे व साथ ही राजस्व विभाग की टीम भी सुरक्षा व्यवस्था में मौजूद थी



## जन्माष्टमी को लेकर अभा यादव महासभा की बैठक

### सुनील यादव बने उत्सव समिति अध्यक्ष, किया स्वागत

**धार।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव समिति की बैठक अखिल भारतीय यादव महासभा के जिलाध्यक्ष भोला यादव के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आराध्या देव भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शोभा यात्रा एवं चल समारोह निकलने पर चर्चा हुई। इस दौरान उत्सव समिति के अध्यक्ष पद हेतु सुनील यादव ज्ञानपुरा को मनोनित किया गया। बैठक में यादव समाज द्वारा श्रीकृष्ण साख सहकारी संस्था के गठन के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक में मौजूद समाजजनों से अपील की गई कि अधिक से अधिक संख्या में स्वयं एवं अपने परिवार के सदस्यों को संस्था सदस्य बनाएं।



यह थे मौजूद-बैठक में किशोरीलाल खलीफा, सुनील यादव, भोला यादव, राजू यादव, संजय यादव, सुभाष यादव, अर्जुन यादव, कैलाश यादव, कन्हैयालाल यादव, कैलाश यादव, प्रकाश टामकिया, शंकर यादव, शमशेर यादव, प्रीतेश यादव, राधेश्याम यादव, चुंगा यादव, राजेंद्र मनसा, आशाराम मनसा, सुनील याद, अशोक यादव लसू?िया आदि सदस्य मौजूद थे।

एक नजर ▶ जीराबाद नवांकुर सखी हरियाली यात्रा निकाली एवं नवांकुर सखी यात्रा का समापन हुआ

# महिला सहभागिता एवं पर्यावरण संरक्षण को मिला नया आयाम

**गंधवानी**-जन अभियान परिषद विकासखंड गंधवानी के सेक्टर जीराबाद के ग्राम पंचायत धुरसल में नवांकुर सखी हरियाली कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमे कार्यक्रम का शुभारंभ पवित्र जल की पूजा कर कलश यात्रा ग्राम भ्रमण कर शिवलिगं को जल अर्पित किया गया उसके बाद कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियो द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया। स्वागत भाषण म प्र जन अभियान परिषद विकासखंड समन्वयक दयाराम मुवेल द्वारा नवांकुर सखी कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा हरियाली यात्रा एवं नवांकुर सखी कार्यक्रम को संबोधित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्री केदारसिंह जामोद ने बताया कि हमें जन अभियान परिषद के साथ मिलकर कार्य करना चाहिए संरपच मेहरसिह अछाले ने क्षेत्रीय भाषा महिला को जानकारी दी एवं कहा कि सरकार महिलाओं के लिए अनेक कार्य कर रही है महिलाओं को भी आगे आना चाहिए ग्राम पंचायत धुरसल सरपंच शंकरद्यसिह भुरिया संरपच जीराबाद, समाजसेवी हरिओम मालवीया ने कहा कि हरियाली धरती माता का गहना है इसे सजोए रखना हमारी जवाबदारी है नवांकुर संस्था खेडी बुजुर्ग बजरंग सेवा समिति खेडी बुजुर्ग अध्यक्ष शंकरसिह निंगवाल ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सदस्य ,मेन्टर्स चत्तरसिह वास्केल,श्रीमति क्षमा पाण्डेय, पैसा ब्लॉक समन्वयक राजेश गेहलोत कार्यक्रम में उपस्थित हुए एंव संचालन नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बोरडाबरा अध्यक्ष दिनेश सिंगार द्वारा किया गया ।बड़ी संख्या ग्रामीण जन ,तडवी पटेल, नवांकुर सखी,प्रस्फुटन समितियो के सदस्य उपस्थित हुए महिलाओं को निर्धारित संख्या अनुसार पौधे एवं बीज रोपित थैलियां का वितरण एक पेड मां के अभियान के अंतर्गत अतिथिगण द्वारा पोधा रोपण किया गया। तत्पश्चात स्वल्पाहार वितरण बाद कार्यक्रम का समापन किया गया इसी के साथ गंधवानी विकासखंड में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का समापन हुआ 5 सेक्टरों में नवांकुर सखियों द्वारा को 6400 बीज रोपित किए गए



